तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 21.1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 29 अप्रैल 2024

12 भाजपा महिला मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार



12 शंभू बॉर्डर व रेलवे स्टेशन बंद होने से 70 फीसदी कारोबार ठप



## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव क्षेत्र में चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी गुलभाग सिंह को गिरफ्तार किया है। सेक्टर 34 के रामफल ने 26 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी गुलभाग सिंह ने शास्त्री कॉलोनी के खाली प्लाट से लोहे के करीब 6 कूप और 60 किलो सरिया चोरी कर लिया है।

### धमकी देने के मामले मे दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी मनोज कुमार व सुनील कुमार को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 22 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सुनील कुमार व अन्य ने रकबा तेपला में उससे व उसके पिता से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है।

### पानीपत पुलिस ने कट्टे के साथ आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने अदियाना मोड़ पर सुरेश पुत्र ओमप्रकाश निवासी बड़ा मोहल्ला गांव मतलौडा जिला पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी से .32 बोर का कट्टा बरामद किया गया है।

### सड़क हादसे में किशोर की जान गई

**पानीपत।** पानीपत के गांव मतलौडा में तेज रफ्तार कैंटर की चपेट में आने से 15 वर्षीय प्रिंस पुत्र प्रदीप निवासी टीटो खेडी जिला जींद की मौत हो गई। वही, प्रदीप की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने टैंकर संख्या एचआर-67-बी- 4783 चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया।

### बुरी तरफ जाल में फसे पेड़ों को आजाद करवाया

**करनाल।** आज लक्ष्य जनहित सोसाइटी द्वारा ट्री गार्ड फ्री ट्री मुहिम साई बाबा मंदिर रोड सेक्टर 6 के पीछे की गई जिसमे बुरी तरफ जाल में फसे पेड़ो को आजाद करवाया गया। सोसाइटी के फाउंडर और ट्री गार्ड फ्री ट्री मुहिम के प्रणेता दिनेश बक्शी ने कहा की आज पर्यावरण को बचाने की जरूरत है लोग अपने स्वार्थ और पैसे के लालच में पेड़ों पे कील,पिन लगा देते है।

# प्रदेश की खुशहाली के लिए सभी मिलकर करें मेहनत: मुख्यमंत्री

## श्री गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा साहिब में नायब सैनी व कंवरपाल ने टेका माथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व के अवसर गुरुद्वारा साहिब गोबिंदपुरा बंभोली में प्रकाशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कृषि मंत्री कंवरपाल समेत भाजपा के कई नेताओं ने पहुंचकर गुरुद्वारा में माथा टेका और प्रदेश की प्रगति व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक बाबा जसदीप सिंह ने सभी नेताओं का सिरोपा पहना कर स्वागत किया।

- गुरु तेग बहादुर का उनका सर्वोच्च बलिदान हम सबको शक्ति और प्रेरणा देता है: सैनी

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि गुरु महाराज उन्हें इतनी सामर्थ्य दें कि वह विकसित हरियाणा बनाने के अपने उद्देश्य को हासिल कर सकें। सभी के चेहरों पर खुशी लाने के लिए लगातार काम करते रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की खुशहाली के लिए हम सबको मिल कर मेहनत करनी होगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि शब्द कीर्तन सुनकर जो शांति मिलती है। उसे शब्दों में व्यक्त करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व के विशेष अवसर पर मैं उन्हें नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि पिछड़ों की सेवा करने के प्रयासों और अपने साहस के लिए दुनिया भर में उनका सम्मान है। गुरु तेग बहादुर ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ झुकने से इंकार कर दिया था। नायब सैनी ने कहा कि उनका सर्वोच्च बलिदान हम सबको शक्ति और प्रेरणा देता है।



यमुनानगर के बंभोली स्थित गुरुद्वारा में आयोजित गुरु तेगबहादुर सिंह के प्रकाशोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नासब सिंह सैनी को सिरोपा और स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित करते बाबा जसदीप सिंह।

### सिरोपा भेंट कर सभी का स्वागत अभिनन्दन किया

हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि स्वतंत्रता और मानवीय गरिमा के लिए श्री गुरु तेग बहादुर जी का अद्वितीय बलिदान अमिट है। जो मानवता को अखंडता और करुणा के साथ जीने के लिए प्रेरित करता है। कृषि मंत्री कार्यक्रम के आयोजक बाबा जसदीप सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सैनी सहित सभी वरिष्ठ अतिथियों को सिरोपा भेंट कर सभी का स्वागत अभिनन्दन किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा,जिला परिषद चेयरमैन रमेशचंद ठसका,पूर्व मेयर मदन चौहान, पूर्व चेयरमैन राम निवास गर्ग व पूर्व विधायक बलवंत सिंह साढौरा आदि मौजूद रहे।



## संत बाबा मान सिंह तपस्वी व उच्च कोटि के संत व समाजसेवी थे: सैनी

**पिहोवा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी,मंत्री सुभाष सुधा तथा लोकसभा प्रत्याशी नवीन जिंदल सचखंड ईशर दरबार जुरासी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत बाबा मान सिंह की पहली बरसी पर वह सचखंड ईशर दरबार में उन्हें श्रद्धांजलि देने आए हैं। उन्होंने कहा कि संत बाबा मान सिंह तपस्वी व उच्च कोटि के सन्त व समाजसेवी थे। जिनसे उनका काफी लगाव रहा और समय समय पर उनके दर्शनों का उन्हें मौका भी मिला। उनके प्रवचनों से मन को सकून मिलता था। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय संत बाबा मान सिंह से मिले प्यार की यादें हमेशा रहेंगी। मुख्यमंत्री ने संगठन में भव्य बिशनोई को मिली जिम्मेवारी पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि भव्य बिशनोई युवा नेता हैं, जिनमें युवाओं के लिए कुछ करने का जज्बा भी है,इसीलिए संगठन में उन्हें अहम जिम्मेवारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गलत नीतियों को लेकर उनमें भगदड़ मची हुई। इस मौके पर कैलाश भगत, बाबा दिलबाग सिंह,बाबा सुरजीत सिंह,निशान सिंह, सरपंच राय वीरेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, हरदीप सिंह, लाडी, खजान सिंह, जरनैल सिंह, बलविंद्र सिंह जीरकपुर वाले, प्रैस प्रवक्ता जसबीर सिंह जस्सी, नपा प्रधान आशीष चक्रपाणी, सुरेंद्र ढींगरा, लाडी पाल, विनोद बंसल, तरण वड़ैच, गुरनाम मलिक, युधिष्ठर बहल आदि मौजूद थे।

- कांग्रेस की गलत नीतियों को लेकर उनमें भगदड़ मची हुई है



कुरुक्षेत्र। पुलिस द्वारा पकड़े गए चोरी के आरोपी।

## कुरुक्षेत्र में बाइक चोरी करने के मामले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

एंटी व्हीकल थेफ़्ट की टीम ने बाइक चोरी करने के आरोप में विजय कुमार पुत्र संतोष वासी बहरोली थाना मीरगंज जिला बरेली यूपी हाल वासी मच्छीमार मोहल्ला मोहन नगर कुरुक्षेत्र व आकाश पुत्र छवि राम वासी शास्त्री नगर थानेसर को गिरफ्तार करके 4 चोरीशुदा बाइक बरामद की है। 25 अप्रैल को थाना कृष्णा गेट में दी अपनी शिकायत में सुधीर कुमार पुत्र ओमप्रकाश प्रकाश वासी गणेश कालोनी खेडी ब्राहमण ने बताया कि उसका आफिस दिव्या मिडिया सोल्यूशन नजदीक नागपाल नर्सिंग होम रेड रोड पर है।

सुबह करीब 11 बजे उसने अपनी बाइक एचआर-07-एइ-1927 को अपने ऑफिस के पास खडी की थी तथा गलती से चाबी बाईक मे ही रह गई थी। करीब 20 मिनट बाद जब वह बाहर आया तो उसको उसकी बाइक नहीं मिली। जिसको कोई नामपता नामालूम चोर चोरी करके ले गया। जिसकी शिकायत पर कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके जांच सुभाष मंडी के हेड कांस्टेबल कृष्णा कुमार को दी गई। बाद में मामलों की जांच एंटी व्हीकल थेफ़्ट को दी गई। एंटी व्हीकल थेफ़्ट कुरुक्षेत्र प्रभारी निरीक्षक जगदीश टामक के मार्ग निर्देश में सहायक उप निरीक्षक जोगिन्द्र सिंह व हैड कांस्टेबल प्रवीन कुमार की टीम ने बाइक चोरी करने के आरोप में विजय कुमार पुत्र संतोष वासी बहरोली थाना मीरगंज जिला बरेली यूपी हाल वासी मच्छीमार मोहल्ला मोहननगर कुरुक्षेत्र व आकाश पुत्र छवि राम वासी शास्त्री नगर थानेसर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से चोरीशुदा 3 बाइक व 1 स्कूटी बरामद की गई। निरीक्षक जगदीश टामक ने बताया कि आरोपियों ने 2 बाइक थाना कृष्णा गेट एरिया, 1 बाइक थाना सदर थानेसर एरिया व 1 स्कूटी थाना शहर थानेसर एरिया कोर्ट परिसर से चोरी की थी। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से आरोपी को कारागार भेज दिया।

- आरोपितों से पुलिस ने दो बाइक बरामद की

## लोटस ग्रीन सिटी में 33 केबी की तारों के कारण झुलसे दो व्यक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- भारी मशक्त करने के बाद दोनों को तारों से छुड़वाया

सेक्टर 9 लोटस ग्रीन सिटी में 33 केबी की तारों के कारण सेक्टर में कार्यरत दो कर्मी बुरी तरह झुलस गए है। सेक्टर 9 में गत दिवस सेक्टर की लाइटों को ठीक करने का काम किया जा रहा था। इस कार्य को पूरा करने के बाद दो कर्मी नीतिन व अंकुश वापस आ रहे थे। इसी बीच लंबी सीड़ी में 33 केबी तारों का करंट आ गया। इस करंट के कारण दो कर्मी बुरी तरह झुलस गए और देखते ही देखते एक कर्मी के सारे कपड़े व जुते भी जल गए। इन दोनों कर्मियों को आस पास में काम करे रहे लोगों ने भारी मशक्त करने के बाद तारों से छुड़वाया। इन दोनों को एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया। जहां पर गत देर रात्रि एक व्यक्ति की हालात ज्यादा खराब हो गई। सेक्टर के 9 के प्रधान सुखविंद्र सिंह ने कहा कि सैंट थामस स्कूल के सामने और मंदिर के साथ 33000 केबी की तारे निकल रही है। यह तारे काफी नीचे हो गई है। इन तारों के नीचे होने के कारण बड़ा हादसा हो गया है। इन तारों के साथ स्कूल भी है और तारों के साथ स्कूल की बसे भी खड़ी होती है। इन तारों के नीचा होने से बसे भी करंट की चपेट में आने से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसके साथ तारों के साथ मंदिर भी है और तारों के नीचे पार्क भी विकसित होगा। उन्होंने कहा कि इन तारों को उंचा करने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों से भी बातचीत की है और इस घटना के बारे में बिजली विभाग के कार्यकारी अभिंयता हिमांशु तंवर को भी अवगत करवाया है।

## हिंदू सरस्वती सभ्यता बहुत प्राचीन: डॉ. पांडे

### कुवि में दो दिवसीय उत्तर क्षेत्र कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुवि के गीता सदन के सीनेट हाल में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अध्ययन केंद्र एवं अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय उत्तर क्षेत्र कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का शुभारंभ शनिवार को हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ बालमुकुंद पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत का इतिहास माता, बहनों की लोरियो में गांव की गोधूलियों में और बुजुर्गों की पगड़ियों में छिपा हुआ है। हिंदू सरस्वती सभ्यता बहुत प्राचीन है और अब यह तथ्य की आर्य बाहर से आए थे। यह भी गलत साबित हो रहा है। इसमें डॉक्टर अंबेडकर अध्ययन केंद्र के निदेशक गोपाल प्रसाद एवं सह निदेशक प्रीतम सिंह ने भी सहभागिता की। इस उत्तर क्षेत्र के अभ्यास वर्ग में पांच राज्यों दिल्ली पंजाब हरियाणा हिमाचल प्रदेश जम्मू कश्मीर के इतिहासकार सहभागिता कर रहे हैं। हरियाणा के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ रमेश धारीवाल ने समस्त अतिथियों का परिचय एवं स्वागत करवाया और कार्यक्रम के अंत में प्रांत महासचिव डॉक्टर सुरेंद्र दलाल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन कुवि की विधि संकाय की छात्रा उपासना राणा एवम् हरियाणा प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुभाष पाल ने किया।

- भारत का इतिहास माता, बहनों की लोरियो में गांव की गोधूलियों में और बुजुर्गों की पगड़ियों में छिपा हुआ है: डॉ. पांडे



### सोना दिलाने के नाम पर व्यक्ति से ठगे 14. 53 लाख

यमुनानगर। जगाधरी की गोशाला कॉलोनी निवासी चरणजीत सिंह को सोना दिलाने के नाम पर 14 लाख 53 हजार रुपये ठग लिए। आरोप उषा वाली गली निवासी दर्पण पर लगा है। आरोपी ने उससे मुथूट फाइनेंस कंपनी से सस्ती कीमत पर सोना दिलवाने का झांसा देकर ठगी की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोशाला कॉलोनी की चरणजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी उषा कॉलोनी निवासी दर्पण से जान पहचान है। एक दिन दर्पण ने उन्हें बताया कि मुथूट फाइनेंस कंपनी के अधिकारी सोने की नीलामी करते हैं जो मार्केट से कम कीमत पर मिलता है। उसकी कंपनी के अधिकारियों के साथ अच्छी जान पहचान है। वह उनसे बात कर मार्केट रेट से कम में सोना दिलवा सकता है। जिस पर वह आरोपी की बातों में आ गई। उसने दर्पण को अलग-अलग कर 14 लाख 53 हजार रुपये दिए। दर्पण ने उससे जो रुपये लिए उसके लिए बकायदा उसे रसीद भी दी। काफी दिन बीतने के बाद भी उसे सोना नहीं मिला तो उसने दर्पण से बात की, लेकिन वह हर बार कोई न कोई बहाना बना देता। आरोप है कि दर्पण ने उसे रुपये व सोना देने से मना कर दिया।

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

## मदर एंड चाइल्ड केयर विंग का निर्माण कार्य लटका

### पानीपत सिविल अस्पताल का हाल

**पानीपत।** पानीपत सिविल अस्पताल परिसर में 21 करोड़ की लागत से बन रही एमसीएच (मैटरनल एंड चाइल्ड हेल्थ) विंग की सौगात में लगभग दो साल की देरी चल रही है। अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि ये बिल्डिंग कब तक तैयार होनी है। पीडब्ल्यूडी को बिल्डिंग जून 2023 तक हैंडओवर करनी थी। फिर इसकी तारीख दिसंबर 2024 तक तय की गई । अब तक बिल्डिंग का 70 प्रतिशत काम पूरा हुआ है। या यूं कहें कि अब तक बिल्डिंग का ढांचा ही पूरा हुआ है। फर्निचर, फर्श व फिनिशिंग का काम अब भी रहता है। बिल्डिंग को पूरा होने में डेढ़ साल तक का वक्त लग सकता है। सिविल सर्जन ने पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखकर बिल्डिंग की स्टेट्स रिपोर्ट मांगी है। 2021 में कुरुक्षेत्र की निजी कंपनी ने एमसीएच विंग की बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू किया था। एमसीएच विंग शुरू होने पर सिविल अस्पताल 300 बेड का होगा। फिलहाल 200 बेड का सिविल अस्पताल है और 100 बेड की एमसीएच विंग बनाई जा रही है। विंग पंचकूला की तर्ज पर बनाई जा रही है। बिल्डिंग 23 हजार 425 वर्ग फीट में बनाई जा रही है। इधर, 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पानीपत में एमसीएच विंग के निर्माण को हरी झंडी दी थी। जून 2021 में विंग का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। विंग में प्रसव से पहले गर्भवती महिलाओं को रखने के लिए बेड होंगे। प्रसव संपन्न कराने के लिए 20 टेबल होंगी। प्रसव उपरांत 48 से 72 घंटे अस्पताल में भर्ती पहले के लिए जच्चा-बच्चा के लिए पर्याप्त बेड होंगे।

- सीएमओ ने पीडब्ल्यूडी से निर्माण देरी पर रिपोर्ट तलब की

## लापरवाह वाहन चालकों पर 7.83 लाख जुर्माना

पानीपत। पानीपत में बड़े वाहनों पर नकेल कसी जा रही है। महेंद्रगढ़ के कनीना में हुए स्कूल बस हादसे के बाद यहां सीएम फ्लाइंग और आटीए विभाग की संयुक्त टीम लगातार सडकों पर उतर कर वाहनों की चेकिंग कर रही है। यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालकों पर बड़ा जुमार्ना किया जा रहा है। इसी क्रम में संयुक्त टीम फिर सडकों पर रही। यहां विभिन्न जगहों पर चेकिंग की। चेकिंग टीम में सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर राज सिंह, गुप्तचर इकाई से युद्धवीर सिंह, आरटीए विभाग से मोटर वाहन अधिकारी राजेश मलिक शामिल हुए। इस दौरान 19 वाहनों पर 7.83 लाख का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा 15 वाहनों को इंपाउंड भी किया गया।

**स्थापना दिवस**

### कुवि के धरोहर हरियाणा संग्रहालय की स्थापना दिवस पर सैल्फी कॉर्नर का हुआ उद्घाटन

## युवा पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का माध्यम है धरोहर: प्रो. सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय स्थित धरोहर हरियाणा संग्रहालय के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को हवन यज्ञ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा तथा विशिष्ट अतिथि कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा उपस्थित हुए। धरोहर म्यूजिम के स्थापना दिवस के अवसर पर सेल्फी कॉर्नर का उद्घाटन भी कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा किया गया। इस मौके पर कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि धरोहर हरियाणा संग्रहालय हरियाणा ही नहीं अपितु पूरे भारत का एकमात्र ऐसा संग्रहालय है जिसके माध्यम से हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को दशार्या गया है। यह युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का एक माध्यम है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश का एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जिसने अपनी संस्कृति को संरक्षित करने के लिए धरोहर जैसे संग्रहालय को स्थापित किया। उन्होंने कहा कि धरोहर कल्चर, इतिहास व विश्वविद्यालय की दूरदृष्टि का परिणाम है। यह एक ऐसा अद्भुत म्यूज्यिम है जिसमें पूरे हरियाणा की संस्कृति के दर्शन किए जा सकते हैं।

- धरोहर कल्चर, इतिहास व विश्वविद्यालय की दूरदृष्टि का परिणाम



कुरुक्षेत्र। कुवि के धरोहर हरियाणा संग्रहालय की स्थापना दिवस पर सेल्फी कॉर्नर का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। फोटो: हरिभूमि

### धरोहर संग्रहालय को लाखों पर्यटकों ने देखा

संग्रहालय के क्यूरेटर डॉ. विवेक चावला ने कहा कि धरोहर हरियाणा संग्रहालय को पिछले वर्षो में देश-विदेश के लाखों पर्यटकों ने देखा है इसके अतिरिक्त 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने हरियाणा की इस सांस्कृतिक विरासत का अवलोकन किया है। इस मौके पर डॉ. ममता सचदेवा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा व उनकी धर्मपत्नी सुमिता शर्मा, संग्रहालय की संचालन समिति की अध्यक्षा प्रो. नीलम ढांडा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ए आर चौधरी, प्रोक्टर प्रो. सुनील ढींगरा, डीन प्रो. अरविंद मलिक, चीफ वार्डन (छात्र) प्रो. जसबीर ढांडा, चीफ वार्डन (छात्रा) प्रो. कुसुम लता , कंट्रोलर ऑफ एग्जाम्स डा. अंकेश्वर प्रकाश , डीन लॉ प्रो. अमित लुदरी, प्रो. शुचिस्मिता, प्रो. एस के चहल , प्रो. संजीव अरोड़ा, आईआईएचएस की प्राचार्या प्रो. रीटा, निदेशक युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग प्रो. महासिंह पुनिया, प्रो. अजय सुनेजा, प्रो. सुभाष कुमार, प्रो. राम विरंजन, डा. आनंद कुमार कुटा अध्यक्ष, प्रो. पवन दीवान, प्रो. सलोनी दीवान, डा. रामचंद्र, डा. ज्ञान चहल, डा. रमेश ढांडा सेवानिवृत प्राचार्य, डा. वीरेंद्र कुमार, विजय सभरवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

## एक्टिवा चालक के उपर से गुजरा ट्रैक्टर ट्रॉली, मौके पर ही तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक्टिवा सवार चाचा-भतीजे को टक्कर मार दी। ट्रक का पहिया शरीर के ऊपर से निकलने के कारण चाचा की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसके भतीजे को भी चोटें आई है। मृतक की शिनाख्त गांव गोला के भरपूर सिंह के रूप में हुई है। हादसा साहा थाने के अंतर्गत आने वाले साबापुर मलिकपुर रोड पर हुआ। गांव गोला के कमल प्रीत सिंह ने बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है। वह शनिवार की देर शाम अपने घर का सामान लेने के लिए साहा गया था। वह सामान लेकर वापस अपने घर आने के लिए महमुदपुर मोड पर खड़ा था। इस बीच उसे उसका चाचा भरपूर सिंह मिले। वह गांव धमौली में ही नौकरी करते थे। उसके चाचा भरपूर सिंह अपनी एक्टिवा पर थे। वे दोनों यहां से अपने घर के लिए रवाना हुए। रात करीब 8 बजे साबापुर मलिकपुर रोड पर केबीसी ईंट भट्टा के पास पहुंचे तो दूसरी तरफ से तेज रफ्तार सोनालिका ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने उन्हें सीधी टक्कर मार दी। उसके चाचा उछल कर सड़क के बीच में जा गिरे और ट्रैक्टर-ट्रॉली का टायर उसके चाचा के ऊपर से निकल गया । ऊपर से टायर निकलने के कारण उसके चाचा का शरीर बुरी तरह फट गया था। राहगीरों की मदद से वह चाचा के शव को अंबाला कैंट सिविल अस्पताल लेकर पहुंचा। आरोपी ड्राइवर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मौके से भाग निकला।

- हादसा साहा थाने के अंतर्गत आने वाले साबापुर मलिकपुर रोड पर हुआ



हादसे में क्षतिग्रस्त एक्टिवा।

## खबर संक्षेप

### भाविप की महिला वर्ग ने गंगा मैया स्नान किया

**तरावड़ी।** भारत भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी की महिला सदस्यों द्वारा एक आध्यात्मिक यात्रा एक शाम गंगा मैया के नाम महिला संयोजिका काजल गोयल की अध्यक्षता में हरिद्वार के पावन धाम पर पहुंची। इस आध्यात्मिक की यात्रा का उद्देश्य जहां अपने मन को इस प्रभु की भक्ति में लगाना वही साथ-साथ संपूर्ण मानव जगत के लिए सुखों की कामना करना। इसी भाव के साथ यह यात्रा तरावड़ी से हरिद्वार की ओर प्रस्थान हुई इस यात्रा में महिला सदस्यों के द्वारा प्रभु नाम की महिमा का भजनों के द्वारा गुणगान करते हुए राम नाम की महिमा की धुन को जीवन का आधार बनाते हुए सभी सदस्य हरिद्वार पहुंचे जहां गंगा मैया का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### सुपर 100 लेवल 2 परीक्षा का शुभारंभ किया

**कुरुक्षेत्र।** शिक्षा विभाग तथा विकल्प संस्थान कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में सुपर 100 लेवल 2 परीक्षा का शुभारंभ मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी झज्जर राजेश कुमार, विशिष्ठ अतिथि जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक तथा विकल्प संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष नवीन मिश्रा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम बैच में जिला झज्जर तथा भिवानी के 199 विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को सुपर 100 कार्यक्रम की रूपरेखा सांझा की गई।

### बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी की घोषणा

**कुरुक्षेत्र।** बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका प्रोफेसर चांद दत्ता एवं जिला के सह संयोजक बी एल अरोड़ा ने जिला अध्यक्ष रवि बतान एवं प्रदेश के सह संयोजक डॉ ऋषिपाल मथाना से चर्चा करके जिला कार्यकारिणी घोषित की। जिला कार्यकारिणी में डॉ रमणकांता शर्मा पूर्व प्रधानाचार्य, जगमोहन बंसल, शिवदयाल झंगम, प्रोफेसर मोहनलाल ढाका, के सी वर्मा, डॉक्टर विजय कुमार, डॉक्टर नसीब सिंह, डॉक्टर प्रद्युमन सिंह, विशाल मित्तल, संजय कुमार एडवोकेट, बलकार सिंह, गुरनाम सिंह, ज्ञान सिंह रणवीर कुमार राजपाल, राजवीर राणा, डॉ मीत मोहन सिंह, सोम प्रकाश कौशिक की घोषणा की गई।

### सेवादारों ने की गोशाला में दान देने की अपील

**पिहोवा।** श्रीकृष्ण कृपा गोशाला के उपप्रधान सुशील गुप्ता व कपिल गर्ग ने नगर वासियों से गायों के लिए चारे एवं किसानों से तूड़ी व अनाज देने की अपील की है ताकि गायों को भूखा न रहना पडें। उन्होंने बताया कि नगर में स्थित जिला कुरुक्षेत्र की सबसे बड़ी गौशाला मे लगभग 1500 गाय पुण्य का लाभ दे रही है। जिनके खाने के लिए हरे घास के साथ-साथ लगभग 15 हजार क्विंटल तुड़ी की हर साल जरूरत पड़ती है।

### एप से पता चलेगी मतदान केंद्र पर लाइन की जानकारी

**कैथल।** अब मतदाताओं को अपना वोट डालने में अधिक देर तक लाईन में खड़ा होकर इंतजार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि भारत निर्वाचन आयोग ने एक ऐसी एप लांच की है, जिसके माध्यम से आप मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है। 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की गई है। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते हैं।

### बिना इजाजत न छपवाएं चुनाव प्रचार सामग्री

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रशांत पंवार ने जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों का आह्वान किया कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरूद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें। चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पम्फलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है और ऐसा करने वाले प्रिंटर के खिलाफ धारा-188 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

---

देशहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना

# भारत विकास परिषद कर्ण शाखा के पदाधिकारियों ने दायित्व किया ग्रहण

- निष्ठा और ईमानदारी के साथ संगठन के लिए काम करने की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




भारत विकास परिषद कर्ण शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह अग्रसेन वैश्य भवन सेक्टर आठ में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने शिरकत की। गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में यह कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में पंकज गर्ग ने अध्यक्ष, नीतिन गोयल ने सचिव, विजय कालरा ने कोषाध्यक्ष तथा ज्योति चौधरी ने महिला एवं बाल विकास संयोजिका का दायित्व ग्रहण किया। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद प्रियंका भारद्वाज (शिव शंकर एजुकेशनल कंसलटेंट) व नव चेतना मंच के चेयरमैन एसपी चौहान ने शिरकत की। भाविप हरियाणा उत्तर के प्रांतीय अध्यक्ष धीरज भाटिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

दायित्व प्रदाता की भूमिका भाविप हरियाणा उत्तर के महासचिव कपिल गुप्ता ने अदा की। मंच संचालन डा. आशीष पसरीचा व सुषमा गोयल ने किया। मुख्य अतिथि सुमन सैनी ने भारत विकास परिषद द्वारा देश हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि भाविप की सभी शाखाएं भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संजोए रखने का काम कर रही है। सभी पर्व भारतीय परंपराओं के अनुसार मनाकर भाईचारा कायम रखने काम भारत विकास परिषद कर रही है। इस दौरान नई कार्यकारिणी का स्वागत किया गया। प्रधान पंकज गर्ग सहित सभी पदाधिकारियों ने निष्ठा और ईमानदारी के साथ संगठन के लिए काम करने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान यूपीएससी में 263वां रैंक प्राप्त करने वाली गिरिशा चौधरी व 280वां रैंक प्राप्त करने वाली अनन्या राणा को सम्मानित किया गया। सेवा प्रकलप के तहत सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के 150 विद्यार्थियों को पुस्तकें भेंट की गई। इस अवसर पर संजय बिदानी, शिव चुघ, चंद्रमोहन जुनेजा, डा. रचना चौधरी, अभय अरोड़ा, मनीषा अरोड़ा, वंदना चुघ, शयाम बत्तरा, मीनू चावला, विनीता गेरा, आशीष पसरीचा, कपिल अत्रेजा, स्वर्णलता काठपाल, चंद्र मेहता, अशोक महेंद्रू, प्रियंका काठपाल, निर्मला बैरागी, मीना कांबोज आदि मौजूद रहे।

### गायों के लिए तूड़ी की ट्रालियां दान की

**तरावड़ी।** भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी के द्वारा आज शांतिवन गौशाला में गौ सेवा सबसे बड़ी सेवा के अंतर्गत गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर गौशाला के प्रकल्प प्रमुख मनोज चौधरी व उनके परिवार के द्वारा हरा चारा और तूडी और गुड़ की सेवा दी गई। आज लगभग चार ट्रॉली कि यह सेवा गौशाला में अर्पित की गई। इस अवसर पर गौशाला के अध्यक्ष राकेश गर्ग, परिषद के अध्यक्ष योगेश मिड्डा, सचिव राकेश हंस, दीपक गोयल, रमेश चावला, रामस्वरूप व महिला सदस्य अंजु मुंजाल उपस्थित रहे। भारत विकास परिषद शाखा के द्वारा निरंतर यह प्रयास भी रहा है कि जब परिवार में किसी सदस्य का जन्मदिन या शादी की सालगिरह होती है या अपने बुजुर्गों की याद को जब समरण किया जाता है तो वह गौशाला में जाकर यथा योग्य सेवा अनुसार गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त करें और आज इसी लड़ी में मनोज चौधरी और उनके परिवार द्वारा यह सेवा की गई। भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी के सभी सदस्य मिलकर निरंतर गौशाला में जाकर जहां सेवा भी करते हैं वही यथा योग्य सेवा अनुसार तन मन और धन से सेवाएं भी अर्पित करते हैं।

---

## मनोहर को जन्मदिन पर 21 हजार ब्राह्मण देंगे आशीर्वाद



- 5 मई को मनेगा भगवान परशुराम जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल के जन्मदिन पर 21 हजार ब्राह्मण उन्हें प्रचंड विजयश्री का आशीर्वाद देंगे।

यह भव्य आयोजन भगवान परशुराम जयंती महोत्सव के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा व राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा की अगुवाई में 5 मई को करनाल की पुरानी सब्जी मंडी में होगा। इस भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर पंडित विनोद शर्मा व कार्तिकेय शर्मा लगातार प्रदेशभर में दौरा कर निमंत्रण दे रहे हैं। इस आयोजन को लेकर प्रदेशभर के ब्राह्मण समाज में भारी उत्साह है।

करनाल के सेक्टर-12 निवासी शीशपाल राणा ने बताया कि कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए पलवल से नगाड़ा टीम को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा हरिद्वार से करनाल पहुंचकर 51 ब्राह्मण मनोहर लाल की प्रचंड जीत का शंखनाद करेंगे।

मनोहर लाल ने पिछले साढ़े 9 वर्षो में जिस तरह से ब्राह्मण समाज के लिए काम किया है। इसके लिए पूरे प्रदेश से ब्राह्मण समाज इस कार्यक्रम में पहुंचेगा और मनोहर लाल को देश की सबसे बड़ी जीत के लिए आशीर्वाद देगा। यह कार्यक्रम रविवार को होने जा रहा है।

---

## अनाजमंडी में उठान न होने से जाम की स्थिति

- निगदू मंडी में तीन एजेंसियां अनाज की कर रही खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निगदू



निगदू अनाजमंडी में उठान न होने के चलते मंडी में जाम की स्थिति बनी हुई है। निगदू मंडी में तीन खरीद एजेंसिया माल की खरीद कर रही हैं इसमें डीएफएससी, हरियाणा वेयरहाउस तथा हैफेड शामिल है खरीदे गए माल के आंकड़ों की बात करें तो डीएफएससी द्वारा अब तक सबसे ज्यादा लगभग 7 लाख कट्टे गेहूँ की खरीद की गई है हरियाणा वेयरहॉउस द्वारा लगभग 320000 कट्टे माल खरीदा गया है।

इसी प्रकार हैफेड द्वारा सबसे कम लगभग 230000 कट्टे गेहूँ की खरीद की गई है इसमें से डीएफएससी द्वारा 450000 कट्टे अभी तक मंडी से उठाए गए है हरियाणा वेयरहॉउस द्वारा 220000 तथा हैफेड द्वारा 195000 बैग माल की लिफ्टिंग की गई है पिछले दो तीन दिनों से मौसम में बारिश की सम्भावना बनी हई है कई जगह बारिश होने से मंडियो में पड़ा माल भीग चुका है प्रदेश सरकार द्वारा गेहूँ की पेमेंट 72 घंटे में करने के निर्देश खरीद एजेंसियों को दिए गए है परन्तु यदि माल मण्डी में ही पड़ा रहा तो पेमेंट कैसे होगी। माल की लिफ्टिंग के साथ ही उसका बिल बनाया जाता है 72 घंटे में पेमेंट के आदेश बिल बनने के बाद से ही लागू होंगे इस लिए व्यापारियों और किसानों को इसकी पेमेंट के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।मंडी से माल उठे तो पेमेंट हो निगदू अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान राजबीर सगवाल का कहना है की मंडी से अब तक खरीदे गए माल से लगभग आधे का ही उठान हो सका है उन्होंने कहा की सबसे ज्यादा माल डीएफएससी का पड़ा है सगवाल ने कहा की खरीद एजेंसी अपना स्टोरेज स्पेस तथा लेबर दोनों को बढ़ाए। उन्होंने कहा की मंडी में पड़े माल को तुरंत उठाया जाए इस सम्बन्ध में मंडी में गेहूँ खरीद कर रही एजेंसी डीएफएससी के इंस्पेक्टर लोकेश का कहना है की मंडी से माल सबसे ज्यादा उनकी एजेंसी ने खरीदा है इसलिए उनका माल ज्यादा लग रहा है माल के स्टोरेज स्पेस की थोड़ी दिक्कत थी। इस स्पेस को बढ़ाया जा रहा है अगले दो तीन दिनों में सारा माल मंडी से उठा लिया जाएगा

### अभिभावक-शिक्षिका बैठक का आयोजन

**करनाल।** केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में आईक्यूएसी समिति द्वारा ऑनलाइन अभिभावक-शिक्षिका बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मानविकी, विज्ञान और वाणिज्य संकायों की छात्राओं ने अपने अभिभावकों सहित भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने कहा कि हमारे महाविद्यालय में अभिभावक-शिक्षिका बैठक प्रतिवर्ष आयोजित की जाती हैं, जिसमें छात्राओं की वर्तमान शैक्षणिक उपलब्धियों और न्यूनताओं पर विचार विमर्श किया जाता है तथा छात्राओं के भावी जीवन की शैक्षणिक सफलता को रूपाकार देने में उपयोगी सिद्ध होती हैं। मीटिंग में सभी अभिभावकों ने अपनी बेटियों की शैक्षणिक उपलब्धियों ओर न्यूनताओं की जानकारी प्राप्त कर उनके सुधार के लिए अनेक प्रयासों के बारे में जाना तथा महाविद्यालय की छात्राओं के बहुमुखी विकास में सहायक बताया। छात्राओं और अभिभावकों ने इस मीटिंग में बढ़चढ़ कर भाग लिया।

## अनन्या को राजपूत सभा ने किया सम्मानित

- सिविल सर्विसेज 2023 में 280वां रैंक हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। यूपीएसएस में चयनित अनन्या राणा का स्वागत करती राजपूत सभा।

यूपीएससी सिविल सर्विसेज 2023 में 280वां रैंक हासिल करने वाली अनन्या राणा को राजपूत महासभा करनाल की तरफ से सम्मानित किया गया। राजपूत सभा के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में सभा के पदाधिकारी अनन्या राणा के सेक्टर 8 स्थित आवास पर पहुंचे और उन्हें शुभकामनाएं दी। अनन्या राणा एचसीएस में चयनित होकर असिस्टेंट एक्साइज एंड टैक्सेशन ऑफिसर की ट्रेनिंग ले रही है। अब उनका चयन यूपीएससी के लिए हो गया है। राजपूत सभा के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि राजपूत समाज के लिए यह बड़े गर्व की बात है कि अनन्या राणा ने यूपीएससी जैसी देश की प्रतिष्ठित परीक्षा में को पास किया है और अच्छा रैंक हासिल किया है। यह समाज के सभी बच्चों के लिए प्रेरणा है। अनन्या से प्रेरणा पाकर समाज के अन्य बच्चे भी इन परीक्षाओं के लिए प्रेरित होंगे और समाज व देश का नाम रोशन करेंगे। राजपूत सभा की तरफ से अनन्या के माता-पिता को भी विशेष रूप से बधाई दी गई। बता दें अनन्या राणा स्कूल टाइम से ही मेधावी छात्रा रही है। दयाल सिंह स्कूल में 12 कक्षा में टॉप किया और बीएससी नॉन मेडिकल दयाल सिंह कॉलेज करनाल से उत्तीर्ण की और गोल्ड मेडल हासिल किया। अनन्या का सपना शुरू से ही आईएएस अफसर बनने का था। अनन्या राणा के पिता डॉ सुरेंद्रपाल सिंह दयाल सिंह कॉलेज में केमिस्ट्री प्रोफेसर और उनकी माता डॉक्टर सोनिका आरजीएसआईपीआर और सीडी नीलोखेड़ी में प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत हैं। इस अवसर पर सभा के महासचिव बृजपाल राणा एडवोकेट, वरिष्ठ प्रधान कुलदीप सिंह नंबरदार, ओमवीर सिंह अलावला, रामपाल सिंह प्रवीण राणा सरपंच, गुरदीप बीजना, तेजपाल राणा, प्रेस सचिव बिशपाल राणा, अमित सिंह, दीपक राणा, प्रदीप सिंह, कंवरपाल राणा सलवान, दीपक राणा, गौरव राणा अरडाना सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

---

## पूर्व छात्र मिलन समारोह में विद्यार्थियों ने ताजा की यादें

- डीएवी पीजी कॉलेज में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



डीएवी पीजी कॉलेज में पूर्व मिलन छात्र समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व छात्रों का कॉलेज द्वारा पुष्पगुच्छ देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। एलुमिनाई एसोशिएसन और कॉलेज प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि पूर्व छात्र मिलन समारोह में सभी क्षेत्रों से आए विद्यार्थियों का एकत्रित होना बड़े गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि पूर्व मिलन समारोह एक ऐसा मंच है जंहा पर पूर्व छात्र अपने समय के अनुभव को नए छात्रों के साथ सांझा करते हैं। जंहा पर पूर्व छात्र और वर्तमान में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र शिक्षा के स्तर और विकास को लेकर बातचीत कर सकते हैं। डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि यह एक ऐसा क्षण होता है जिसको शब्दों से परिभाषित नही किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब पूर्व छात्र अपने कॉलेज में प्रवेश करता है मानो उसको अपने समय के हर बिताए हुए पल स्मरण हो उठते हैं। पूर्व छात्र मिलन समारोह में कॉलेज छात्राओं द्वारा नृत्य और गीत प्रस्तुत किये गए। कॉलेज में पधारे पूर्व छात्रों ने अपने समय के अनुभव बांटते हुए अपने किस्से सुनाए। उन्होंने अपने कॉलेज के प्रति सर्मपित भाव दिखाते हुए कहा कि आज हम जिस भी मुकाम पर हैं यह सब इस कॉलेज की ही देन है। एलुमिनाई एसोसिएशन की वॉइस प्रेजीडेंट मोनिका ने कॉलेज द्वारा पूर्व छात्रों के किये गए स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा अपने कॉलेज के विकास और तरक्की के लिए जो बन पडेग़ा हम करने के लिए सदा तैयार रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में पूर्व छात्र मिलन समारोह की संयोजिका डॉ. रेखा चौधरी ने सभी गणमान्य व्यक्तियों को आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ. बलराम शर्मा, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. पूनम वर्मा, डॉ. प्रतिभा, डॉ.मीनाक्षी कुंडु, डॉ. जीतेंद्र चौहान, डॉ. सुनील व अन्य स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

## भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने लगाया रक्तदान शिविर

**करनाल।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला करनाल द्वारा जरनैली कॉलोनी स्थित गजराज हॉस्पिटल में एक रक्तदान शिविर लगाया गया। इस अवसर पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विजय दहिया ने मुख्य अतिथि के रूप मंव कार्यक्रम में पहुंचकर रक्तदाताओं का हौंसला बढाया। इस रक्त दान शिविर मे भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विजय दहिया के अतिरिक्त करनाल भाजपा जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला, मुख्यमंत्री मीडिया कोऑर्डिनेटर जगमोहन आनंद मुख्य तौर पर मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के हरियाणा प्रदेश संयोजक डाक्टर विजय दहिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर अग्रणी बना है। नरेंद्र मोदी सरकार ने गरीब और किसानों सहित समाज के हर वर्ग की चिंता की है। डॉ विजय दहिया ने इस मौके पर करनाल भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सदस्यों को इस रक्त दान शिविर के सफल आयोजन पर बधाई दी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा एवं मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महादान है जिससे किसी को नया जीवन मिल सकता है। समाज के एक जागरुक और जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सभी को रक्तदान करना चाहिए। शिविर के अवसर पर मुख्यमंत्री मीडिया कॉरडीनेटर जगमोहन आनंद ने भी रक्त दान को महादान बताते हुए कहा कि अगर आप नियमित रक्तदान करते हैं तो शरीर में आयरन का स्तर नियंत्रित रहता है.

### प्रदेश में बदलाव का दौर शुरू हो चुका : दिव्यांशु

**घरौंडा।** करनाल लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा ने कहा है कि हरियाणा प्रदेश में बदलाव का दौर शुरू हो चुका है। क्योंकि कांग्रेस के प्रत्याशियों की घोषणा होने के साथ ही बीजेपी सरकार ने ओछे हथकंडे अपनाने शुरू कर दिए हैं।

कांग्रेस प्रत्याशी ने पीओ घोषित होने संबंधी बयान पर कहा कि अभी आज सुबह दिल्ली से करनाल तक काफिले के रूप में चले हैं और उन्होंने इसकी सूचना प्रशासन को भी दे दी थी। वे कानून में न्यायालय का पूरा मान सम्मान करते हैं और कभी भी पीओ नहीं रहे। रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा का घरौंदा पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

---

प्रशासन के ढीले रवैये के चलते शहरवासियों में पनपा रोष

# करनाली गेट का निर्माण कार्य पांच साल से अधर में

- पत्थर का चयन नहीं हो पाना बताया जा रहा देरी का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। शहर के मुख्य करनाली गेट निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ।

पिछले 5 साल से शहर के ऐतिहासिक करनाली गेट का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। नगर पालिका व ठेकेदार कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है वहीं शहर की जनता प्रशासन के ढीले रवैया से रोष में है और जिला प्रशासन से इस मामले में हस्तक्षेप करके निर्माण कार्य जल्द करवाने की मांग कर चुकी है। नगर पालिका द्वारा पहले से बने शहर के पुराने करनाली गेट को भव्य बनाने की बात कह कर इसको उखाड़ दिया था जोकि पुराने समय की छोटी इंटों से बना हुआ था जोकि एकमात्र शहर का मुख्य द्वार था लेकिन उखाडऩे के बाद दोबारा बनानें के लिए जगह नहीं मिल पाई क्योंकि कोई भी दुकानदार अपनी दुकान के सामने बनने से इनकार करता था आखिरकार दोबारा बनाने के लिए सौंकड़ा रोड पर करनाली गेट पुलिया के स्थान का चयन किया गया। जिस पर सभी की सहमति बनी और वहां पर करनाली गेट का निर्माण शुरू हो गया था और उस पर काम करने वाले ठेकेदार ने दोनों साइडों के पिलर बनाकर खड़े तो कर दिए थे लेकिन उसे पर लेंटर नहीं डाला था। शहर के लोगों ने काफी शोर मचाने के बाद इस पर लेंटर डाल दिया गया। गेट पर जो लेंटर डाला गया था वह तो एक माह मे समय से पहले खुल गया था लेकिन इसके सौंदर्यकरण का काम आज तक शुरू नहीं हो पाया। जिसकों आज लगभग पांच साल होने को है। शहर के लोगों में गेट का सौंदर्यकरण ना होने की वजह कारण रोष है। शहर के गारमेंट यूनियन के प्रधान यश गुलाटी, ओमप्रकाश, आशू कक्कड़, दिनेश पोपली, सन्नी पोपली, संजीव कुमार, कुलदीप गुलाटी, संजय कुमार व अन्य बाजार के दुकानदारों का कहना है कि यह करनाली गेट तरावड़ी की एक ऐतिहासिक पहचान थी। इसलिए इसको जल्द से जल्द पूरा किया जाना था लेकिन लगभग 5 साल बीत चुके हैं अभी तक इस गेट का सौंदर्यकरण शुरू नहीं हो पाया। देरी का कारण इस पर लगने वाले बेहतरीन पत्थर का चयन होना था जो की कर लिया गया था लेकिन उसके बावजूद भी इसका सौंदर्यकरण नहीं हो पाया।

> **वर्क आर्डर दे दिया गया : अजीत कुमार**
> इस बारे में नगर पालिका सचिव अजीत कुमार से जब बात की तो उनका कहना है कि जल्द ही इस गेट के सौंदर्यकरण का काम शुरू हो जाएगा। ठेकेदार को वर्क आर्डर दे दिया गया है। देरी का मुख्य कारण जो इस पर पत्थर लगना था उसका चयन नही हो पाया था। चुनाव के बाद इस गेट सौंदर्यकरण का कार्य शुरू हो जाएगा।

## राष्ट्र के विकास के लिए नरेंद्र मोदी जरूरी : सुमन सैनी



**करनाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि राष्ट्रहित और देश की मजबूती के लिए जनता एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने जा रही है। दो चरणों के मतदान के बाद अब यह स्पष्ट हो चुका है कि देश के लोगों ने मोदी को फिर से लाने का फैसला कर लिया है। उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्ति, गरीबी से मुक्ति। युवाओं को एक ऐसा मंच देना जिससे वे दुनिया के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकें और एक महान भारत का निर्माण कर सकें। सुमन सैनी रविवार को राधा स्वामी सत्संग भवन कंबोपुरा, नाम चर्चा घर कंबोपुरा, नमस्ते चौक एग्रो मॉल के सामने, आनंद विहार कालोनी, गप्पू वाला बाग हांसी रोड सेक्टर-7 में आयोजित कार्यक्रम में पहुंची। सुमन सैनी ने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र की जनता करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को ऐतिहासिक जीत दिलवाएगी। करनाल के विधानसभा उप चुनाव में नायब सिंह सैनी विधायक बनकर करनाल के विकास को गति देने का काम करेंगे।

## खबर संक्षेप

### मनोहर की ऐतिहासिक जीत होगी

**पानीपत।** भाजपा नेता रघुनाथ कश्यप पानीपत ग्रामीण हलके की कालोनियों में जा कर करनाल लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। वही, कश्यप ने दावा किया कि मनोहर लाल की ऐतिहासिक जीत तय है। इस अवसर पर देवेंद्र दुआ, हरि शंकर सैनी, प्रेमपाल कश्यप, प्रमोद कश्यप पेंटर, महिंद्र कश्यप, हीरा लाल कोहली, मनोज वर्मा, महेंद्र पाल सैनी, गजे राम सैनी, सुनील सैनी, लालतेश सैनी, बिजेंद्र प्रधान, जोगेंद्र प्रधान, चन्द्र पाल डीलर, राम पाल कश्यप आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### पुलिस ने जानलेवा हमलावर पकड़ा

**पानीपत।** थाना बापौली पुलिस ने गांव गोयला खुर्द में खेत से घर लौट रहे नितिन पुत्र मदनलाल निवासी गांव गोयला खुद पर जानलेवा हमला करने के मामले में चौथे आरोपी अभिषेक निवासी गांव भोड़वाल माजरी जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। थाना बापौली प्रभारी सब इंस्पेक्टर अतर सिंह ने बताया कि इस मामले में घायल नितिन के भाई प्रदीप पर केस दर्ज है।

### पुलिस ने हमले के चार आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने धूप सिंह नगर में बर्फ तोड़ने वाले सुए से बादल पर जानलेवा हमला करने के मामले में चार आरोपियों टिंकू, मनीष, सागर व अमित निवासी धूपसिंह नगर को गिरफ्तार किया है। वहीं थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश शर्मा ने बताया कि थाना चांदनी बाग में धूप सिंह नगर निवासी कुलदीप पुत्र अजमेर की शिकायत पर उपरोक्त केस दर्ज है। वही, चारों आरोपियों ने अपने साथी आरोपी दीपक व उस्मान निवासी धूपसिंह नगर व कासिम निवासी राम नगर के साथ मिलकर उक्त वारदात करना स्वीकारा है।

### भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टी

**पानीपत।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की ओर से विकास नगर इंद्रा कॉलोनी में जनसभा आयोजित की गई। प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डा. जगजीत आहूजा ने सभा में कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार ने देश-प्रदेश में लोगों के स्वास्थ्य और जीवन की रक्षा के लिए आयुष्मान और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है। इस अवसर पर प्रकोष्ठ की जिला सह संयोजक डा.मंजू अबरोल आदि उपस्थित रहे।

### हवन करने से वातावरण प्रदूषण मुक्त होता है

**पानीपत।** समालखा की पंचवटी में यामीन इंटरनेशनल स्पोटर्स एकेडमी में हवन कराया गया। जिसमें खिलाड़ियों व परिवार के लोगों ने भी भाग लिया। इस दौरान खिलाडियों को अनुशासन के बारे में भी बताया और खेल के साथ-साथ हरियाणा संस्कृत व हरियाणा कल्चर के बारे में बताया। एकेडमी के संचालक यामीन ने बताया हर साल एकेडमी में हवन कराया जाता है। जिसमें एकेडमी में खेलने वाले बच्चों के अभिभावकों को भी बुलाया जाता है। उन्होंने कहा कि खेल हमें अनुशासन और स्वस्थ रहना सिखाता है। यह हमे मानषिक रूप से भी फीट रखता है।

### दो पुस्तकों का लोकापर्ण किया गया

# काव्य गोष्ठी में मुलतानी फिल्म सजा का प्रदर्शन



**पानीपत।** अंकन साहित्य मंच की काव्य गोष्ठी में पुस्तकों का विमोचन करते हुए अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

मंच संरक्षक डॉ. एपी जैन ने सभी आगंतुक साहित्यकारों का सम्मान व धन्यवाद किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज में रविवार को अंकन साहित्यिक मंच के तत्वावधान आयोजित पहले सत्र में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सोनिया सोनम अक्स ने की। जबकि मुख्य अतिथि अब्दुल हक सहर मुजफ्फरनगरी तथा विशिष्ट अतिथि कमल नयन वर्मा व गजेंद्र सलूजा रहे। मंच संचालन कमलेश कुमार पालीवाल कमल ने किया। दूसरे सत्र में इस कॉलेज के पुरातन छात्र कमल नयन वर्मा व उनके पुत्र देव वर्मा की शिक्षाप्रद मुल्तानी फिल्म सजा का प्रदर्शन किया गया। इस फिल्म में कमल नयन वर्मा के अतिरिक्त दीपक कपूर, तरुण मेहता, पूजा सहगल, मोहित मेहता, प्रिया खुराना, सिम्मी भल्ला, नरेन्द्र गर्ग, जगदीष चोपड़ा, वेद बांगा, गजेन्द्र सलूजा, सतीष बुद्धिराजा, टेकचन्द सोनी व बाल कलाकार ओनिष सहगल, आरवी चोपड़ा तथा नवजयार वर्मा ने अभिनय किया है। वहीं कार्यक्रम में गजेंद्र सलूजा को सम्मानित किया गया। इसके अलावा रमेश पुहाल की दो पुस्तकों त्रिकालदर्शी महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन चरित्र तथा श्री वाल्मीकि प्रकाश का विमोचन भी हुआ। मंच संरक्षक डॉ.एपी जैन ने सभी आगंतुक साहित्यकारों का सम्मान व धन्यवाद किया। वहीं काव्य गोष्ठी में रचनाएं प्रस्तुत करने वालों में अब्दुल हक सहर मुजफ्फरनगरी, डॉ.एपी जैन, सोनिया सोनम अक्स, कमल नयन वर्मा, कमलेश कुमार पालीवाल कमल, सुभाष भाटिया, धर्मेंद्र अरोड़ा मुसाफिर, शकील जठेड़ी सोनीपत, सलीम जावेद कैरानवी, रामेश्वर देव करनाल, सुरेंद्र धीमान बापौली, सुलेख जैन, कृष्ण कुमार निर्माण करनाल, नरेश गंभीर, चंद्रशेखर आजाद सुषमा भाटिया, कमर रईस सोनीपत, देवेंद्र दत्ता, राजन गांधी करनाल, नरेंद्र गर्ग, कृष्ण देव शास्त्री, अशोक वशिष्ठ करनाल, अभिषेक वर्मा आदि की प्रस्तुतियां भी सराही गई।

### नर्सिरी से गमले व पौधे चोरी

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग के साथ बनी नर्सरी से चोरों ने रात को पौधे और 95 गमले चुरा लिए। सुबह माली नर्सरी पहुंचा तो पुलिस को घटना की सूचना दी। थाना चांदनी बाग पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। एमजेआर चौक के गंगाराम ने बताया कि उसकी थाने के पास ही पेड़ पौधों की नर्सरी है। गुरुवार रात करीब 1 बजे चोर उसकी नर्सरी से 95 छोटे बड़े गमले और कुछ पौधे चुराकर ले गए। पीड़ित का कहना है कि शिकायत देने के दो दिन बाद भी पुलिस अधिकारियों ने एमजेआर स्कूल के सीसीटीवी कैमरे चेक करने की जहमत नहीं उठाई। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि जांच चल रही है।

# वोटर आईडी कार्ड का डिजिटल वर्जन डाउनलोड करना सरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरू की हुई है। मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम हो गई है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वे ब सा इ ट वोटस.ईसीआई.जीओवी.इन से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकता है। खास बात यह है कि डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजीलॉकर में अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी करवाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ई-ईपीआईसी वोटर कार्ड ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का एक नॉन-एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। वोटर आईडी के पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी के साथ एड्रेस प्रूफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इस डिजिटल आईडी प्रूफ को आसानी से एक्सेस करने के लिए मोबाइल फोन या डिजिलॉकर में स्टोर करके रखा जा सकता है।

# विद्यार्थी अपना आचरण अच्छा रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** आईबी कॉलेज में विदाई पार्टी में विद्यार्थी अपने टीचर्स के साथ।

- डॉ. अजय गर्ग ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी

आईबी पीजी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग द्वारा एमए इंग्लिश, इंग्लिश ऑनर्स एवं फंक्शनल इंग्लिश फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग, उपप्राचार्या डॉ. रंजना शर्मा और विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम ने दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। पार्टी में विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, रैंप वॉक आदि गतिविधियों के द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और उम्मीद की कि वह समाज में अपना योगदान देते हुए अपने आचरण एवं व्यवहार से आईबी महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर उपप्राचार्या डॉ. रंजना शर्मा, विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। इस अवसर पर डॉ. निधि मल्होत्रा, डॉ. स्वाति पुनिया, डॉ. नेहा पूनिया, डॉ. विनय वाधवा, डॉ. मधु शर्मा, प्रो. सोनम, प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. मंजली, प्रो. मन्जू नरवाल आदि मौजूद रहे।

# जसवंत को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** यूपीएससी में चयनित जसवंत मलिक को सम्मानित करते हुए गणमान्य नागरिक। फोटो :हरिभूमि

यूपीएससी की परीक्षा में उत्तीर्ण पानीपत के गांव सींक व हाल निवासी शांति नगर जसवंत मलिक का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम लतीफ गॉर्डन एवं शांति नगर वेलफेयर सोसाइटी द्वारा लतीफ गॉर्डन कॉलोनी स्थित शिव मंदिर सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लतीफ गॉर्डन, शांति नगर, अग्रसेन कॉलोनी के सैकड़ों पुरुषों, महिलाओं और युवाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने जसवंत मलिक का फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान जसवंत मलिक ने कहा कि उसने हरियाणा में पिछले वर्ष एचसीएस में चयनित होने पर भी अपनी पढ़ाई जारी रखी। जिसके फलस्वरुप उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में 115 वा रैंक हासिल किया है। उन्हें आज यूपीएससी की सेवा में आने के बाद गर्व महसूस हो रहा है और निश्चित तौर पर सिविल सर्विस में आने के बाद वह देश और समाज की सेवा अच्छी तरह से कर पाएंगे। पीड़ितों को न्याय दिलवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। जसवंत मलिक ने बताया कि उनकी इस उपलब्धि में परिवार का बहुत बड़ा हाथ है। खासकर उनके पिता और उनके वरिष्ठ लोगों ने उन्हें बहुत सपोर्ट किया और उनका मार्गदर्शन किया। जसवंत मलिक के पितासुरजीत मलिक शिक्षा विभाग हरियाणा में अध्यापक के पद पर कार्यरत है। इस मौके पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राकेश बुरा, प्रधान जगबीर धनखड, चांद सिंह ढांडा, सुरेन्द्र एड़िए, नवनीत खर्ब, डॉ. रिंकू सांगवान, पालेराम जागलान, रामकुमार सैनी, मास्टर बलबीर नैन, सुरेश मलिक व करतार देशवाल आदि मौजूद रहे।

# महंगाई दर व टैक्स रेट को हराकर धन सृजन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की पानीपत शाखा के सीए कार्यक्रम में शिकरत करते हुए।

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा द्वारा को पानीपत शाखा के सभागार में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शाखा के चेयरमैन सीए जगदीश धमीजा ने की सेमिनार का मुख्य विषय शेयर बाजार और म्युचुअल फंड के साथ धन अनलॉक करना रहा। सीए जगदीश धमीजा ने आरंभिक सेशन में इंस्टिट्यूट से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों के बारे ने सभी मेंबर्स को अवगत करवाया। शेयर मार्किट के विशेषज्ञ सीए सचिन बहल ने सभी मेंबर्स को शेयर मार्किट की बारीकी से जानकारी देते हुए इन्वेस्टर, ट्रेडिंग, आर्बिट्रेज और गैंबलिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी और मार्किट में इन्वेस्टमेंट करने के नियम बताए। मुख्य वक्ता के तौर सेमिनार के मुख्य वक्ता सीए गौरव सतीजा ने बताया कि एक्चुअल रियल रिटर्न किसको कहते हैं और कैसे आप महंगाई दर और टैक्स रेट को हराकर अपनी धन सृजन कर सकते हैं उन्होंने बताया कि अगर आप कम से कम 10 साल म्युचुअल फंड में इनवेस्ट करेंगे तो आप बिना रिस्क के अच्छी रिटर्न कमाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि म्युचुअल फंड में आप मात्र 100 प्रति महीने स्टार्ट कर सकते हैं। उन्होंने कई उदाहरण देकर समझाया कि कैसे कई लोगों ने छोटी-छोटी बचत करके म्युचुअल फंड से अपनी बहुत बड़ी धन सृजन कर ली है और कैसे आप अपने बुढ़ापे के लिए, घर लेने के लिए, बच्चों की शादी और पढ़ाई के लिए एक व्यवस्थित तरीके से पैसा इकट्ठा कर सकते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंच का संचालन शाखा के सचिव सीए भूपेंद्र दीक्षित ने किया धन्यवाद प्रस्ताव शाखा के कोषाध्यक्ष सीए रविंद्र सिंह ने किया इसके साथ ही शाखा के तत्काल पूर्व अध्यक्ष सीए मितेश मल्होत्रा शामिल रहे इसके साथ ही अन्य सदस्य सभी सीए अंशिका सिंगला, गरिमा अग्रवाल, कुणाल कथूरिया, हंसराज खुराना, कविता खुराना, कविता गोयल, जसवीर डंग, कृष्णा सेठी, रिकी गोयल, संजय जैन, संजय गोयल, नीतीश जैन, मुकेश शर्मा, मनमोहन शर्मा, विमल गोयल, राकेश गर्ग, जोगिंदर पाल, शिवम कक्कड़, मधु खुराना आदि मौजूद रहे।

### राजकीय कॉलेज पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष बने प्रेम



**पानीपत।** देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में पूर्व छात्र परिषद की बैठक आयोजित की गई बैठक में पूर्व छात्रों ने भाग लिया। अध्यापकों एवं पूर्व छात्रों के आपसी संवाद में छात्रों ने अपने महाविद्यालय के अनुभव एवं उनके वर्तमान के बारे में चर्चा की। पूर्व छात्र परिषद कि इस वार्षिक बैठक में महाविद्यालय प्राचार्य संजू अब्रॉल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। जबकि पूर्व छात्रों ने अपनी रचनात्मक प्रतुतियां भी पेश की एवं विभिन्न खेल भी खेले गए। बैठक के अंत में पूर्वछात्र संघ का चुनाव हुआ जिसमें सर्व सम्मति से प्रेम वर्मा को पुनः अध्यक्ष चुना गया। ऋतु ढोंचक को उपाध्यक्ष, किशोर कुमार को सचिव, तन्नू कुमारी को सह सचिव एवं शुभम कुमारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक सीमा शर्मा, दलजीत सिंह, सरोज चौहान, दीप्ति गाबा, सुनील दत्त, नरेश ढांडा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** भाजपा नेताओं का स्वागत करते हुए ग्रामीण।

- विकास के साथ-साथ विरासत का संवर्धन भी मोदी ने किया

भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तेजी से विकास कर रहा है। विकास के साथ-साथ विरासत का संवर्धन भी मोदी ने किया। वही, ये मोदी की गारंटी है की भारत 2047 तक विकसित देश बनेगा। ये शब्द भाजपा लोकसभा मीडिया सह संयोजक ईश कुमार राणा काबड़ी रोड पर कुलदीप नगर तथा पलहेड़ी अंबेडकर भवन में दलित बस्ती संपर्क अभियान में मुख्य वक्ता के रूप में कहे। उन्होंने कहा की पहले दुनिया बोलती थी भारत सुनता था। आज भारत इतना मजबूत है की अब भारत बोलता है और दुनिया सुनती है। आज भारत क्वाड संगठन के माध्यम से विश्व परिपेक्ष में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। राणा ने याद दिलाया की किस प्रकार मोदी यमन, रूस, यूक्रेन, अफगानिस्तान, इजराइल और अब ईरान संकट से अपने नागरिकों को सुरक्षित निकाल कर लाया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष रविंदर तुषामढ ने की। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित महामंत्री अनिल खत्री, सुभाष कबीरपंथी, उपाध्यक्ष संजय चहल, सचिव जय किशन मोगा, बलराज कश्यप, सोमनाथ, रोहित बडगुर्जर, प्रेम सिंह, सागर, जिला पार्षद जितेंद्र, सरपंच जसबीर तथा रमेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

### दो भाइयों का अपहरण कर पीटा, केस दर्ज

**पानीपत।** चांदनी बाग थाना पुलिस को दी शिकायत में अनिल निवासी गांव तामशाबाद जिला पानीपत बताया कि सरकारी अस्पताल में स्वीपर पद पर तैनात है। उसका बड़ा भाई सुनील है जोकि गुरुग्राम की एक फर्म में मैनेजर है। गत 27 अप्रैल की दोपहर करीब साढे 3 बजे उसके पास भाई सुनील का फोन आया। जिसने कहा कि चुलकाना की एक लड़की और लड़के ने प्रेम विवाह कर लिया है।

इसी शक में उसकी व उसके भाई का अपहरण कर उनके साथ मारपीट की गई। इधर, सुनील की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस ने शीबू, आशीष व सोनू पर केस दर्ज किया है। तीनों की गिरफ्तारी होने पर ही इन के साथियों का पता चलेगा।

### अपनी प्रतिभा को छिपाएं नहीं प्रदर्शित करें विद्यार्थी : अनिल



**पानीपत।** चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल गांव आट्टा में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कक्षा नर्सरी से यू केजी कलर एक्टिविटी, कक्षा पहली से तीसरी तक कैलीग्राफी एक्टिविटी सुलेख गतिविधि, कक्षा छठी से आठवीं पेपर ओरिगामी फोल्डिंग एक्टिविटी व कक्षा नौवीं से बारहवीं तक इंटर क्लास स्पैल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंच संचालन हरजीत कौर की देखरेख में एक्टिविटी कैप्टन लक्षिका, हेड बॉय तुषार व हेड गर्ल कृतिका ने किया। समय नियंता खेल शिक्षक सुरेंद्र रहे। बच्चों के दो दल बनाए गए डायनेमिक और अनस्टॉपेबल। प्रश्नोत्तरी चार चरणों में की गई। बच्चों ने बड़े उत्साह व जोश के साथ इनके उत्तर दिए। डायनेमिक दल विजयी रहा। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बच्चों की मेहनत व लग्न की प्रशंसा की व विजेताओं को बधाई देकर पुरस्कृत किया। अन्य विद्यार्थियों को भी यथारुचि प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ.श्वेता ने भी बच्चों को प्रेरित किया।

### ग्राहक पंचायत का उद्देश्य ग्राहकों को अधिकारों के प्रति जागरूक करना है : सिंह

# जन्म से मृत्यु तक हर इंसान ग्राहक की श्रेणी में आता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत हरियाणा द्वारा स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो :हरिभूमि

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत हरियाणा प्रान्त द्वारा स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह के एसडी कालेज पानीपत में प्रांत स्तरीय ग्राहक जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रांत अध्यक्ष नवीन जैन ने बताया कि पूरे प्रांत के विभिन्न जिलों से पंचायत के कार्यकर्ता साथ ही पानीपत की विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम में पहुंचे। वही, मुख्य वक्ता दिनकर सबनीस राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने सम्बोधित करते हुए बताया कि इस संसार में जन्म से लेकर मृत्यु तक हर इन्सान एक ग्राहक की श्रेणी में आता है। ग्राहक पंचायत ग्राहक के शोषण को रोकने के लिए ग्राहकों के जागरण के लिए संगठन द्वारा समय-समय पर कार्यक्रम किए जाते हैं। भारतवर्ष में दूध की मिलावट, उपभोक्ता अदालतों का सशक्तिकरण, मोबाइल फुड- टैस्टिंग लैब की हर जिले में उपलब्धता भ्रामक विज्ञापन व वस्तुओं पर अधिकतम खुदरा मूल्य के साथ-लागत मूल्य भी अंकित करने के विषय में ग्राहक पंचायत राष्ट्रीय स्तर पर ले रहा है। जिससे ग्राहकों की समस्याओं का समाधान हो सके। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बताया कि ग्राहकों की विभिन्न समस्याओं को दूर करने के लिए ग्राहक पंचायत महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इस समय हरियाणा प्रांत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ मिलकर करीब 56 संगठन अनेक विषयों पर अलग-अलग कार्य कर रहे हैं।

### पांच अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया

जिनमें ग्राहकों के हित के लिए ग्राहक पंचायत सन 1974 से कार्य कर रही है। उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग की सदस्य डॉक्टर रेखा चौधरी ने उपभोक्ता अदालत की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। जबकि महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल के कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने ग्रामीण जीवन, कृषि के संरक्षण एवं बागवानी विषय पर कहा कि हरियाणा में कृषि एवं बागवानी के क्षेत्र में वैज्ञानिकों द्वारा कड़ी मेहनत के फलस्वरूप हरियाणा में अन्न एवं अन्य खाद्य पदार्थों के उत्पादन में कई गुणा वृद्धि हुई है। जिससे भारत देश आज अनाज का भी निर्यात कर रहा है और पांच ट्रिलियन इकोनोमी की तरफ बढ़ रहा है। एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर रहा है। इधर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रदीप बंसल ने ने ग्राहकों के पांच अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यह भी बताया कि महिलाओं को हालमार्क ज्वैलरी ही खरीदनी चाहिए। जबकि कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने मनमोहक सरस्वती वंदन प्रस्तुत की। उन्होंने एक हरियाणवी नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। जिसमें प्रांत अध्यक्ष नवीन जैन ने मंच संचालन करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। ग्राहक पंचायत के प्रांत संगठन मंत्री मुनेष शर्मा, प्रांत सचिव प्रमोद कुमार, प्रांत सदस्य डॉक्टर रमेश गोयल, एलसी चौहान, डॉ. प्रताप सिंह, रमेश गर्ग, मनोज कपिला, राजेश सैनी, देवेंद्र अत्री, सुमित सैनी, विजय अरोडा आदि ने संबोधन किया।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप उर्फ दीपू , अभिषेक कुमार,मानव उर्फ भोखल व आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। राणा एस्टेट के संजय ने 8 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसके घर से सोना-चांदी के जेवरात व नकद राशि चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### दुर्घटना के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी मांगा राम को शामिल जांच किया है। मलौर गांव के मंदीप सिंह ने 20 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव घाघरू के पास आरोपी मांगा राम वाहन चालक ने उसकी चाची को टक्कर मार दी थी। हादसे में उसकी चाची की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सैक्टर-9 में दर्ज सरकारी कार्य को बाधित कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने व अभद्र भाषा का प्रयोग करने के मामले में पुलिस ने आरोपी सिमर व गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। पीडित महिला ने 26 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सिमर व अन्य ने कर्मचारियों से हाथापाई कर सरकारी कार्य को बाधित करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### देसी कट्टा मामले में दूसरे आरोपी को किया काबू

**अंबाला।** थाना साहा के पुलिस ने आरोपी अनुज को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी रोहित ने पूछताछ के दौरान अनुज के संलिप्त होने की बात कही थी। 24 जनवरी 2024 को गश्त के दौरान पुलिस को संदिग्ध व्यक्ति ने दबे पांव से भागने की कोशिश की थी। शक के आधार पर उसकी तलाशी ली तो उससे अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ था। आरोपी की पहचान रोहित के रूप में हुई थी। उसके खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया था।

### मालवी फाटक के निकट मिला अज्ञात का शव

**जींद।** जुलाना रेलवे स्टेशन के निकट मालवी फाटक पर शनिवार रात को एक युवक की रेलगाड़ी की चपेट में आकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला है जिससे उसकी शिनाख्त हो सके।

### नशा तस्कर से 485 ग्राम अफीम बरामद

**कैथल।** ऑपरेशन आक्रमण दौरान एसपी उपासना के आदेशानुसार नशा तस्करी का धंधा करने वाले अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए थाना कलायत पुलिस द्वारा एक आरोपी को 485 ग्राम अफीम सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना कलायत पुलिस के एसआई विजय कुमार की टीम गश्त दौरान एनएच 152 कलायत पर मौजूद थी।

### बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही मिलेगी मतदान की सुविधा

# शुरू होगी नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया, प्रशासन की ओर से बंदोबस्त

### चुनाव आयोग की ओर से की गई व्यवस्था, मतदान से पहले भरकर देना होगा फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला लोकसभा सीट के लिए प्रशासन की ओर से नामांकन पत्र दाखिल करने की तैयारियां पूरी हो गई हैं। यहां डीसी ऑफिस के कोर्ट रुम में चुनाव लडने का इच्छुक उम्मीदवार सुबह 11 से शाम 3 बजे तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के लिए 29 अप्रैल से नामांकन दाखिल करने का कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल की जाएगी जबकि 9 मई को दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापिस ले सकेंगे। इसी दिन बाद दोपहर चुनाव में खड़े प्रत्याशियों की सूचि जारी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 25 मई दिन शनिवार को प्रातः 7 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान होगा। 4 जून दिन मंगलवार को मतगणना उपरांत नतीजे घोषित किए जाएंगे। नामांकन दाखिल करने के दौरान प्रत्याशी व अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसके लिए जरुरी तैयारियां कर ली गई हैं। नामांकन दाखिल करते समय एक प्रत्याशी के साथ 4 सदस्य आ सकते हैं। इसके साथ-साथ वाहनों को साथ लाने के लिए भी मापदंड तय किए गए हैं।



#### घर पर मतदान करने की मिलेगी सुविधा

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा आम चुनाव में देश के हर योग्य नागरिक को लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार बनाने के लिए कृतसंकल्प है। इसके लिए विभिन्न प्रकार की स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक व प्रेरित किया जा रहा है। आयोग का लक्ष्य है कि कोई भी योग्य पात्र व्यक्ति मतदान करने से वंचित न रहे। इसके लिए मतदाताओं को विशेष सुविधाएं प्रदान करते हुए मतदान प्रकिया में सहभागी बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। आयोग की ओर से 40 प्रतिशत या उससे अधिक प्रतिशत रखने वाले दिव्यांग व्यक्ति व 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग को घर से मतदान करने की वैकल्पिक सुविधा प्रदान की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 40 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति व 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग को घर से मतदान करने के लिए फार्म 12 डी भरकर अपनी सहमति देते हुए अधिसूचना जारी होने के 5 दिनों के भीतर संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन करना होगा। दिव्यांग मतदाताओं को दिव्यांगता प्रमाण पत्र की एक प्रति जमा करवानी होगी। बीएलओ मतदाताओं के घर से फार्म-12 डी प्राप्त करेगा। उम्मीदवारों को ऐसे निर्वाचकों की एक सूची भी प्रदान की जाएगी, यदि वे प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए अपने प्रतिनिधियों को नियुक्त करना चाहते हैं। मतदान अधिकारियों की टीम मतदाता का वोट लेने के लिए उसके पते पर पहुंचेगी। मतदाताओं को उनके दौरे के बारे में पहले से ही सूचित कर दिया जाएगा। मतदान अधिकारियों के साथ एक वीडियोग्राफर पुलिस सुरक्षा घेरे के साथ रहेगा। उन्होंने सभी से 25 मई मतदान के लिए बढ़-चढकर मतदान करने का आह्वान किया है।

#### पहले दिन निर्दलीय कर सकते है नामांकन

नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए पहले दिन निर्दलीय उम्मीदवार डीसी ऑफिस पहुंच सकते हैं। अभी तक राष्ट्रीय पार्टियों के उम्मीदवारों की ओर से नामांकन पत्र दाखिल करने का ऐलान नहीं किया है। भाजपा व कांग्रेसी उम्मीदवारों की ओर से एक मई के बाद नामांकन पत्र दाखिल करने की बात कही जा रही है। अभी सभी उम्मीदवार नामांकन पत्र से जरुरी दस्तावेज तैयार करने में जुटे हैं। उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी हा जाएगी। इसके बाद सभी नामांकन पत्र चेक किए जाएंगे। फिर नामांकन पत्र वापिस लेने का मौका मिलेगा। उसके बाद सभी उम्मीदवारों को चुनाव निशान आवंटित किए जाएंगे। इसके बाद ही चुनाव प्रचार जोर पकड़ेगा।

## विवाहिता ने ससुर व पति पर लगाए गंभीर आरोप

- पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व मारपीट का केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विवाहिता ने ससुरालियों पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। विवाहिता के आरोप हैं कि ससुराल में उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। पति के किसी अन्य महिला से अवैध संबंध हैं। महिला थाने की पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विवाहिता ने पुलिस को बताया कि, उसकी शादी गांव मोहड़ा में शादी हुई थी, लेकिन उसके पति के एक अन्य महिला के साथ अवैध संबंध है। जिसकी वजह से पति उसे मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना देता है। पति कहता है कि मैंने दूसरी महिला से शादी कर ली है, तू मुझे तलाक दे दे नहीं तो मैं तुझे इतना परेशान कर दूंगा कि या तो तू आत्महत्या कर लेगी या फिर बच्चों समेत यहां से चली जाएगी। पीड़ित के मुताबिक, पति कहता है कि, अगर सहमति से तलाक देती है तो तूझे पैसे भी दे दूंगा। जब मैं नहीं मानी तो मेरे साथ घरेलू हिंसा के तहत मानसिक व शारीरिक दुर्व्यवहार किया गया। विवाद ज्यादा बढ़ने पर दोनों पक्षों की तरफ से शिकायत दी गई थी, लेकिन पुलिस ने समझौता करा दिया था। आपसी समझौते के मुताबिक, उसके पति ने 10 हजार रुपए हर महीने उसे खर्चा देने का वादा किया था, लेकिन घर जाते ही पति ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। विवाहिता ने बताया कि उसके पति व उसकी प्रेमिका ने उसके खिलाफ नारायणगढ़ पुलिस थाने में झूठी शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन बाद में जब मौजिज लोगों के सामने सच्चाई आई तो उसके पति व उसकी प्रेमिका ने अपनी गलती मानी। कहा था कि वे अब एक-दूसरे से न तो मिलेंगे और न ही फोन पर बातचीत करेंगे, लेकिन दिन रात उसका पति उस महिला से वीडियो कॉल पर बात करता रहता है।

विवाहिता ने ससुर पर भी कई गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप लगाया कि, ससुर उसे गलत नजर से देखता है। वह बाथरुम में नहाने गई तो ससुर ने जानबूझ कर जोर से दरवाजा हिला दिया, जिससे कुंडी खुल गई। वह जोर से चिल्लाने लगी तो उसका ससुर एकदम बाहर चला गया। शोर सुनकर उसकी सास आई, उसने सारी बात बताई तो सास ने कहा कि तेरे ससुर को नहीं पता था कि कोई अंदर है। पीड़ित के मुताबिक, इससे पहले भी ससुर ने गंदी बात कही थी। कहा था कि तेरे पति ने तो रमन के साथ शादी कर ली है मैं तेरा और तेरे बच्चों का पूरा ख्याल रखूंगा। बस तू मुझे खुश रख। महिला ने कहा कि ससुर के गलत इशारों व इन बातों के कारण वह हमेशा डर और तनाव में रहती है। पुलिस की जांच में सास, ससुर व पति की कथित प्रेमिका पर लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं हुई। अभी पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व मारपीट के आरोपों के तहत केस दर्ज किया है।

## भाजपा महिला मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार रानी कश्यप को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

साहा में भाजपा महिला मोर्चा की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें में मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में आसपास के गांव की बहुत सी महिलाओं ने भाग लिया। जिला महामंत्री ने सभी महिलाओं को भाजपा एवं पीएम मोदी की महिला सशक्तिकरण की नीतियों से अवगत करवाया और महिला मोर्चा का गठन किया। इसमें रानी कश्यप मंडल अध्यक्ष, रीटा चावला उपाध्यक्ष, शशि गुप्ता उपाध्यक्ष, आशा रानी महामंत्री, सुमन साहनी महामंत्री कमलेश रानी सचिव, कृष्णा कोषाध्यक्ष पूनम गुप्ता मीडिया प्रभारी, सेभव कश्यप सहित सुमन, मेवा, कमला, प्रीति को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया मंडल के अध्यक्ष संजीव मिश्रा व सोनिया परोचा ने सभी पदाधिकारी के गले में भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। महामंत्री सुमन साहनी के घर पर भाजपा का झंडा भी लगाया। इस अवसर पर आशा, कुसुम, सोनिया, कमलेश, शशि गुप्ता, प्रीति, पूनम, कविता तथा पार्टी की वरिष्ठ सदस्य अंजू सिंह सहित अमरजीत सिंह सैनी पूर्व सरपंच सबका एवं डिंपल गर्ग विशेष रूप से मौजूद रहे।



**बराड़ा।** बैठक में भाग लेते हुए भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### थंबड़ में घर से गहने चोरी

**बराड़ा।** गांव थंबड़ में घर से गहने चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। गांव की मोनिका शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह और उसके पति की गांव में ही सलाई की दुकान है। 26 अप्रैल को वह दोनों अपनी दुकान पर थे, जब रात लगभग साढ़े नौ बजे वह दुकान बंद कर घर पहुंचे तो पाया कि घर के मेन गेट का ताला टूटा पड़ा है और अंदर कमरे की अलमारी में से आधा तोला की अंगूठी सोने की, आधा तोला की बालियां सोने की, चांदी की 10 तोले की चेन, 7 चांदी के सिक्के व 4 राखी व एक कान्हा की बांसूरी गायब है। पेटी से कपड़े निकालकर कमरे में ही जले हुए मिले। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवक बंधक बनाकर पेटीएम के जरिए खाते से एक लाख की ट्रांजैक्शन करवाई

- अब पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की, आशियाना कांप्लेक्स के कमरे में पीड़ति को बनाया था बंधक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

आरोपियों ने स्नेचिंग के बाद जबरन वसूली की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपियों ने पहले एक युवक का पहले मोबाइल झपटा और फिर मदद के लिए आया तीसरा आरोपी उसे एक कमरे में ले गया। यहां युवक को बंधक बना उसके बैंक खातों से एक लाख रुपए की ट्रांजेक्शन कराई। जेब से नकदी भी निकाल ली। शहजादपुर के राजपुताना मोहल्ला के रजत ने बताया कि 20 अप्रैल को वह अंबाला कैंट के सदर बाजार में मनियारी का सामान लेने गया था। उस दिन दोपहर करीब 12 बजे वह अंबाला कैंट ओवर ब्रिज के पास महाराजा ढाबा के सामने खड़ा था। शिकायतकर्ता के मुताबिक साढ़े 12 बजे बस स्टैंड की तरफ से एक बाइक पर सवार 2 लड़के आए। बाइक पर पीछे बैठे युवक ने उसका मोबाइल छीन लिया और बाइक से शाहाबाद की तरफ भाग गए। वह जल्दबाजी में बाइक का नंबर नोट नहीं कर पाया। वह आरोपियों का पीछा करने लगा इसी बीच एक ओर बाइक आई। रजत ने बताया कि बाइक चालक ने पूछा कि भाई क्यों भाग रहे हो ? उसने बताया कि बाइक सवार 2 युवक उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। उस लड़के ने उसे कहा कि मेरी बाइक पर बैठो, उन स्नेचरों का पीछा करते हैं। वह बाइक पर बैठ गया। बाइक चालक उसने आशियाना कांप्लेक्स हुडा सेक्टर-34 में एक कमरे में ले गया। यहां लड़कों ने उसका मोबाइल छीना था, वे लड़के भी कमरे में आ गए। यहां उसे पता चला कि जो लड़का उसे बाइक पर बैठा कर लाया था वह भी स्नेचरों के साथ मिला हुआ है। रजत ने बताया कि यहां उन लड़कों ने धमकी दी कि अगर उसे 1 लाख रुपए नहीं दिए तो जान से मार देंगे। जब पीड़ति ने कहा कि मेरे पास पैसे नहीं हैं तो यहां उसके साथ मारपीट की गई। आरोपियों ने पेटीएम के जरिए 20-20 हजार की 4 ट्रांजेक्शन और 10-10 हजार रुपए की 2 ट्रांजेक्शन अलग-अलग अकाउंट में की। आरोपियों ने उसकी जेब से 1900 रुपए कैश भी निकाल लिया। धमकी दी कि अगर यह बात किसी को बताई तो तेरे को जान से मार देंगे।

## 11 साल से लापता युवक को पुलिस ने तलाशकर परिजनों के हवाले किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

11 साल से गुमशुदा एक नौजवान के परिजनों को पुलिस ने तलाश लिया। ऑप्रेशन मुस्कान के दायरे में हुई इस कार्रवाई से एक परिवार में खुशियां लौट आई। अपने लापता परिजन को पाकर परिवार बेहद खुश है। लालकुर्ती पुलिस चौकी इंचार्ज एएसआई कुलदीप सिंह ने इस मामले में अहम भूमिका निभाई है। दरअसल पुलिस ने 11 सालों से लापता जिला झज्जर के गांव खोरड़ के रमेश कुमार को तलाश कर उसके परिजनों के हवाले किया है। 42 साल के रमेश को परिजन निरंतर तलाश रहे थे। पिता मांगे राम ने बताया कि उसका बेटा लगभग 11 साल पहले गुम हो गया था। उन्होंने हर जगह उसकी तलाश की लेकिन पता नहीं चल पाया। उन्होंने कहा कि अब पुलिस ने उसे तलाशकर हमें खुश होने का मौका दिया है।



**अंबाला।** 11 साल बाद मिले बेटे रमेश के साथ परिजन।

## नेशनल हाइवे 152 डी पर हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

- आरोपी ट्राला चालक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पूंडरी क्षेत्र में नेशनल हाइवे 152 डी पर हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत होने के मामले में पुलिस ने आरोपी ट्राला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हादसा 26 अप्रैल को शाम के समय हुआ था, जिसमें दंपत्ति व उनकी बेटी की मौत हो गई थी। वे राजस्थान में खाटू श्याम के दर्शन कर अपने घर वापस पंचकुला जा रहे थे। जब पूंडरी क्षेत्र में पहुंचे तो उनकी कार एक ट्राले से टकरा गई थी, जिसमें तीनों की मौत हो गई थी। फ्रैंड्स इन्कलेव किशनपुरा डाकौली जीरकपुर पंजाब निवासी साहिल गेरा ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि वह स्टडी विजा लगाने का काम करता और करनाल में ऑफिस है। उसके मौसा मनोज कुमार का लड़का अनादि दत्ता ऑस्ट्रेलिया में अपनी पत्नी व बच्चे के साथ रहता है। अनादि दत्ता एक महीने से अपने पत्नी व बच्चे के साथ घर पर आया हुआ था। 24 अप्रैल को अनादि दत्ता को अपने परिवार संहित वापस आस्ट्रेलिया जाना था। अनादि दत्ता उसकी पत्नी व बच्चे को दिल्ली एयरपोर्ट छोड़ने के लिए उसका मौसा मनोज कुमार, मौसी उर्मिल मेहता व लड़की चेतना कार में जा रहे थे। अनादि, उसकी पत्नी व बच्चे को दिल्ली एयरपोर्ट से हवाई जहाज में बैठाकर उसका मौसा मनोज कुमार, मौसी उर्मिल मेहता व चेतना कार में दिल्ली से श्री खाटू श्याम सीकर राजस्थान में माथा टेकने के लिए चले गए। 26 अप्रैल को उसके भाई सागर ने मौसा मनोज कुमार के पास कॉल की। फोन किसी पुलिस कर्मचारी ने उठाया व बताया गया कि आपके मौसा की कार का एक ट्राला के साथ नेशनल हाइवे 152डी पर पूंडरी के पास एक्सीडेंट हो गया है।

## स्नैचिंग की दो वारदात, पर्स छीनकर बाइक सवार फरार

- पुलिस ने दोनों वारदातों में केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

2 जगह बाइक सवार आरोपियों ने स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबाला कैंट पुलिस को शिकायत देकर अंबाला शहर के उमेश कुमार ने बताया कि उसकी बहन अंजली वधावन पुराना आलू गोदाम एरिया में रहती है । शनिवार को किसी काम से अपनी बहन के पास आया हुआ था। दोपहर करीब डेढ़ बजे गाड़ी उठाने के लिए गैराज के पास जा रहे थे। उसने अपनी बहन का पर्स अपने हाथ में पकड़ा हुआ था। इसी बीच बाइक पर 2 युवक आए और उसके हाथ से पर्स छीनकर फरार हो गए। पर्स में 10 हजार रुपए कैश, घर की चाबियां समेत अन्य सामान था। दूसरी वारदात अंबाला शहर में हुई। पीड़ति महिला कांता गाबा ने बताया कि वह रोजाना वीर जी की कुटिया गीता नगरी बलदेव नगर में सत्संग सुनने के लिए जाती है। शनिवार शाम करीब 6.50 बजे आश्रम की गाड़ी से उतरकर अपने घर आ रही थी। इसी बीच रामनगर में 2 युवक आए और उसके हाथों से पर्स छीनकर फरार हो गए। महिला ने बताया कि पर्स छीने जाने के दौरान वह नीचे जमीन पर गिर गई। पर्स में कैश के साथ-साथ मोबाइल भी था।

### सेरधा से नंदकरण माजरा को जाने वाली सड़क पर बने गहरे गड्ढे बने मुसीबत

**राजौंद।** गांव सेरधा से नंदकरण माजरा को जाने वाली सड़क पर बने गहरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन रहे है। ग्रामीण रामकिशन, प्रताप, मदन, हवा, बीरबल, बालकिशन, प्रहलाद, संदीप ने बताया कि जगह जगह टूटी फूटी सड़क के कारण आए दिन वाहन भी क्षतिग्रस्त हो रहे है। वहीं वाहन चालकों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इन लोगों ने बताया कि इस सड़क को लेकर वह पिछले लंबे समय से प्रशासन को अवगत करवा चुके है। इन लोगों ने बताया कि कई वाहन चालक अपने वाहन तुड़वा चुके है। सड़क की दयनीय हालत के कारण लोगों को कई तरह की परेशानियां उठानी पड़ती है। रात के समय सड़क से गुजरना किसी खतरे से खाली नहीं है। इन्होंने बताया कि कई बार संबधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को अवगत करवा चुके है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### इलेक्ट्रॉनिक और कपड़ा कारोबार बुरी तरह प्रभावित

# शंभू बॉर्डर व रेलवे स्टेशन बंद होने से 70 फीसदी कारोबार ठप

- कारोबारियों ने मुख्य न्यायधीश व चुनाव आयोग से शंभू बॉर्डर व रेलवे ट्रैक खाली करवाने की लगाई गुहार, हाईकोर्ट में याचिका दायर करने का भी किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बंद पड़े शंभू बॉर्डर को खुलवाने के लिए अब कारोबारियों ने कसरत शुरू कर दी है। कारोबारियों ने बीते रोज पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और भारतीय चुनाव आयोग को इसकी शिकायत भेजी है। व्यापारियों ने कहा कि 10 फरवरी 2024 से शंभू बॉर्डर बंद होने से वे बर्बाद के कगार पर पहुंच गए हैं। अब शंभू के पास रेलवे ट्रैक बंद होने से अंबाला, पंचकूला, करनाल और आसपास के जिलों की प्रमुख बाजारों में मंदे की मार है। खासकर इलेक्ट्रिकल , ज्वैलर्स, ट्रांसपोर्टरों और कपड़ा कारोबारियों का 70% कारोबार खत्म हो गया है। व्यापारियों ने संयुक्त रूप से मुख्य न्यायाधीश और चुनाव आयोग से मांग की है कि राज्य सरकार को सीमाएं खाली कराने के निर्देश जारी किए जाएं ताकि उनका कारोबार शुरू हो सके। इस सिलसिले में कारोबारियों की ओर से हाईकोर्ट में भी याचिका दायर करने का ऐलान किया गया है। व्यापारी एसोसिएशन के सदस्यों का कहना है कि आंदोलन शुरू होने के बाद से उनकी बिक्री में भारी गिरावट आई है। ज्यादातर ग्राहक पंजाब, हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों से आते हैं। बिक्री में भारी गिरावट के कारण शोरूम मालिकों को अपने कर्मचारियों को वेतन देना मुश्किल हो रहा है। मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया जाना चाहिए। यदि जल्द ही समाधान नहीं निकाला गया, तो व्यापारी और शोरूम मालिक अपना व्यवसाय बंद करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। इसका असर हजारों परिवारों की आजीविका पर पड़ेगा इलेक्ट्रिकल डीलर्स एसोसिएशन के संरक्षक राकेश मक्कड़ ने दावा किया कि बॉर्डर बंद होने से करीब 70 प्रतिशत की गिरावट आई है।



**अंबाला।** शंभू रेलवे ट्रैक पर आराम फरमाते किसान।

#### बॉर्डर बंद होने के कारण करोड़ों का माल गोदामों में पड़ा

अंबाला पंजाब का एक प्रमुख बाजार है, लेकिन बॉर्डर बंद होने के कारण करोड़ों रुपए का माल गोदामों में पड़ा हुआ है। इससे व्यापारियों को काफी नुकसान हो रहा है। ग्राहक उत्पादों की जांच करना और फिर अपना ऑर्डर देना पसंद करते हैं। हालांकि, मौजूदा हालात में खरीदार नहीं आ रहे हैं। लंबे मार्गों से माल भेजने पर अधिक परिवहन शुल्क की मांग होती है। होलसेल कपड़ा मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बत्रा ने बताया कि अंबाला होलसेल के कपड़ों का प्रमुख बाजार है। पहले ही कोविड-19 महामारी और उसके बाद पिछले साल बाढ़ के दौरान भारी नुकसान हुआ था। अब किसान आंदोलन ने कारोबार को परेशान कर दिया है। अंतरराज्यीय सीमा तो पहले से ही बंद थी, अब रेलवे ट्रैक भी किसानों ने ब्लॉक कर दिया है। अंबाला में विभिन्न दुकानों और शोरूमों में हजारों लोग काम करते हैं लेकिन खराब बिक्री के कारण मालिकों को कठिन स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।